# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 24 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

**मुख्य समाचार**

**1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश में अराजकता फैलाने आरोप लगाया।**

**2. हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के टाउन पार्क में विभिन्न निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया।**

**3. हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने युवाओं को स्वस्थ और नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।**

**4. पलवल में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मैराथन का आयोजन किया गया।**

**5. इस-बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पंचकूला में होगा सभी 23 जिलों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी।**

**6. फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने गांजा और स्मैक की तस्करी में लिप्त छह लोगों को गिरफ्तार किया।**

******************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश में अराजकता फैलाने आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी का बयान कांग्रेस और विपक्षी दलों की साजिश की ओर इशारा करता है। श्री गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य देश को बदनाम करना, संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना और विदेश जाकर विदेशी शक्तियों से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की अपील करना है।

***************************************************************

हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में चारदीवारी के निर्माण, सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक, कंक्रीट पैदल पथ, ओपन एयर थिएटर, मुख्य प्रवेश द्वार के नवीनीकरण तथा तीन नए फाउंटेन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, गणमान्य व्यक्ति और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री विपुल गोयल ने कहा-

उन्होंने कहा कि सेक्टर-12 के खेल परिसर और स्टेडियम के विकास पर 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बड़े स्तर पर काम चल रहा है। इसके तहत स्टेडियम को नया स्वरूप देने के साथ-साथ उसमें कई आधुनिक सुविधाओं को जोड़ा जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें।

******************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित मैराथन को झंडी दिखाई। मैराथन दौड़ में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं सहित हजारों की संख्या में युवाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जिला प्रशासन एवं वी.सत्या फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित यह मैराथन सेक्टर दो स्थित सामुदायिक भवन से शुरू होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पर आकर समाप्त हुई। इंडोर स्टेडियम में आयोजित समापन कार्यक्रम में खेल राज्य मंत्री ने युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए सुबह की दौड़ के लिए प्रेरित किया। श्री गौतम ने युवाओं से नशों से दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और अपनी मेहनत, लगन तथा क्षमता के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। श्री गौतम ने लड़कियों द्वारा दी गई प्रस्तुति को भी सराहा।

इस अवसर पर मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों सहित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा परिणामों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

*****************************************************************

आज कुरुक्षेत्र में शहीद स्मारक पर ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया,जिसमें पूर्व सैनिकों एवं वीर जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान आमजन को ऊर्जा बचाने के लिए प्रेरित किया गया और स्वच्छ एवं हरित भारत के लिए पर्यावरण संरक्षण प्रति जागरूक किया गया।

***************************************************************

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने कहा है कि इस-बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम पंचकूला में होगा। उन्होंने कहा कि सभी 23 जिलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार सभी जिलों के उपायुक्त योग दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी होंगे। इस कार्यक्रम को हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा द्वारा अन्य विभागों के तालमेल से मनाया जा रहा है।

डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि इस बार का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हरित योग के तौर पर मनाया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक जिले में, 10 हजार औषधीय पौधे आयुष व वन विभाग के सहयोग से लगाए जाने का प्रावधान है। इसके तहत नीम, पीपल, जामुन, अर्जुन, बढ़ का पेड़ और फिर हर्ब्स जैसे तुलसी, गिलोय, हार श्रृंगार एलोवेरा लगाए जाएंगे। यह पौधे प्रत्येक योगशाला में, सभी निजी व सरकारी विद्यालयों के प्रांगण में लगाए जाएंगे।

उन्होंने सभी प्राचार्यों से अपील की यदि कोई विद्यालयों में पौधे लगाना चाहते हैं तो वो उस जिले के जिला आयुष अधिकारी व जिला - वन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

*******************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की त्यारीयों की कड़ी में आज भिवानी के बाल सेवा आश्रम प्राथमिक विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन आप की योगशाला, सर्व मंगल संस्था एवं गौरक्षा दल भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और अद्भुत अनुशासन का परिचय देते हुए विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया।

*******************************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने गांजा और स्मैक की तस्करी में लिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 30 किलोग्राम से अधिक गांजा और 8 ग्राम 56 मिली ग्राम स्मैक बरामद की है। सहायक पुलिस आयुक्त, अपराध, वरुण कुमार दहिया ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने साहिल और अनीश को एमवीएन पाली रोड से एक कार सहित गिरफ्तार किया। इनके पास से 21 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद हुआ।

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा निवासी अमित को फतेहपुर तगा गांव से 8 किलो 200 ग्राम गांजा सहित और संतोष को 352 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि हसीन उल्ला को 480 ग्राम गांजा सहित दबोचा गया। वहीं वसीम को 8 ग्राम 56 मिलीग्राम स्मैक के साथ नेहरू कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया।

*******************************************************************